समाचार

निगम के जोन कमिश्नर सुबह 10 बजे से दोपहर 01 बजे तक बैठेंगे जोन कार्यालय में

(आमजन की सुविधा व उनकी समस्याओं के त्वरित निराकरण के मद्देनजर आयुक्त ने दिए आदेश)

कोरबा 23 दिसम्बर 2024 – आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने निगम के जोन कार्यालयों के कामकाज में कसावट लाते हुए सभी जोन कमिश्नरों को आदेशित किया है कि वे प्रतिदिन कार्यालयीन कार्यदिवस में प्रातः 10 बजे से दोपहर 01 बजे तक अपने जोन कार्यालय में बैठें तथा अपनी समस्याएं, शिकायतें लेकर जोन कार्यालय पहुंचने वाले नागरिकों की समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित कराएं।

यहॉ उल्लेखनीय है कि नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा आमजनता की सुविधा तथा निगम के कामकाज व प्रशासनिक व्यवस्था के दृष्टिगत 07 जोन कार्यालय संचालित किए जा रहे हैं, निगम क्षेत्र को कोरबा जोन, टी. पी.नगर जोन, कोसाबाड़ी, पं.रविशंकरनगर, बालको, दर्री व सर्वमंगला जोन में विभक्त कर इन सभी जोन में कार्यालय स्थापित हैं, जिनके माध्यम से निगम द्वारा अपने अधिकांश कार्यो का संपादन व शासकीय योजनाओं का सुचारू संचालन कराया जा रहा है। जोन कार्यालयों के कामकाज में और अधिक कसावट लाई जाए, कार्यो का सुचारू रूप से संचालन हों तथा अपनी समस्याएं व शिकायतें लेकर जोन कार्यालय पहुंचने वाले नागरिकों की समस्याओं व शिकायतों का त्वरित निराकरण किया जाए, इन सबके मद्देनजर आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने ठोस कदम उठाते हुए निगम के सभी जोन कमिश्नरों को आदेशित किया है कि वे कार्यालयीन दिवस में प्रतिदिन

सुबह 10 बजे से दोपहर 01 बजे तक अपने–अपने जोन कार्यालयों में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें तथा आमजन से प्राप्त समस्याओं व शिकायतों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित कराएं।